प्रेस नोट - 75

थाना काकादेव कमिश्नरेट कानपुर नगर

दिनांक 13.06.2024

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 05.06.2024 को वादी मुकदमा की पुत्री स्वेता त्रिपाठी गाजियाबाद-दिल्ली से कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन उतरकर घण्टाघर से आटो बुक करके उसमें अपना सभी सामान बैग आदि रखकर अपने निवास स्थान म0नं0 420/5 शास्त्रीनगर काकादेव कानपुर नगर के लिये आयी घर पर पहुचंकर अपना सभी सामान आटो से उतार रहे थे कि आटो चालक द्वारा इसी बीच एक बैग जिसमें 4000/- रुपये, आधार कार्ड,लेडिज व जेन्टस अंगूठी , मंगलसूत्र , जंजीर, सोने के टप्स आदि मैकअप का सामान रखे हुऐ थे को लेकर घर से बाहर से भाग गया था जिसके संबन्ध में मुकदमा उपरोक्त वादी श्री रामचन्द्र शुक्ला पुत्र हवलदार शुक्ला नि0 420/5 शास्त्रीनगर थाना काकादेव कानपुर नगर द्वारा दिनांक 11.06.2024 को पंजीकृत कराया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री दिलीप सिंह चौकी प्रभारी शास्त्रीनगर के द्वारा ग्रहण की गयी ।

मुकदमा उपरोक्त में श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर के आदेश के क्रम मे श्रीमान पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल महोदय के कुशल निर्देशन में व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त महोदय सेन्ट्रल व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त स्वरुपनगर महोदय के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक थाना काकादेव के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त के विवेचक उ0नि0 श्री दिलीप सिंह मय हमराहफोर्स व सर्विलांस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुऐ सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस सेल की मदद से उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुऐ अभियुक्तगण 01- ओम शंकर पटेल पुत्र स्वर्गीय रामकुमार पटेल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी भट्ट पुरवा थाना पोखराज जनपद कौशांबी वर्तमान पता किराए पर काशीराम कॉलोनी सनिगवा थाना क्षेत्र चकेरी कानपुर नगर 02- सत्यम पुत्र भरत सिंह निवासी पीपल वाली कोठी 54/01 लाला लखन लाल एंड सन्स ज्वेलर्स नयागंज कानपुर नगर 03- शानू पत्नी अमित चंद निवासिनी 123/488 आरके नगर फजलगंज कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष को भिन्न-भिन्न स्थानो से गिरफ्तार कर मुकदमे से संबन्धित चोरी गये माल व चोरी की घटना में प्रयुक्त आटो रिक्शा नम्बर UP78CT7250 की बरामदगी की गयी ।। अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

01- ओम शंकर पटेल पुत्र स्वर्गीय रामकुमार पटेल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी भट्ट पुरवा थाना पोखराज जनपद कौशांबी वर्तमान पता किराए पर काशीराम कॉलोनी सनिगवा थाना क्षेत्र चकेरी कानपुर नगर

आपराधिक इतिहास

01-मु0अ0सं0 133/2024 धारा 379/411 भादवि थाना काकादेव कानपुर नगर

02-मु0अ0स0 736/2016 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना नौबस्ता कानपुर नगर

03-मु0अ0सं0 61/2023 धारा 380/411/457 भादवि थाना किदवई नगर कानपुर नगर

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

02-सत्यम पुत्र भरत सिंह निवासी पीपल वाली कोठी 54/01 लाला लखन लाल एंड सन्स ज्वेलर्स नयागंज कानपुर नगर

आपराधिक इतिहास

01-मु0अ0सं0 133/2024 धारा 379/411/413 भादवि थाना काकादेव कानपुर नगर

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

03-शानू पत्नी अमित चंद निवासिनी 123/488 आरके नगर फजलगंज कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष

आपराधिक इतिहास

01-मु0अ0सं0 133/2024 धारा 379/411 भादवि थाना काकादेव कानपुर नगर

बरामदगी का विवरण

01-एक जोडी टोप्स पीली धातु की

02-एक अंगूठी पीली धातु की

03-19.77 ग्राम गला हुआ पीली धातु की छड़

04-आधार कार्ड की छायाप्रति व अन्य सामान

05-अन्य ज्वैलरी के बिक्री के कुल 70,000/-रूपये नगद

06-घटना में प्रयुक्त आटो रिक्शा नम्बर UP78CT7250

गिरफ्तार करने वाली टीमः -

1. उ0नि0 श्री दिलीप सिंह चौकी प्रभारी शास्त्रीनगर थाना काकादेव कानपुर नगर
2. उ0नि0 शैलेन्द्र पासवान थाना काकादेव कानपुर नगर
3. हे0का0 477 रंजीत कुमार शर्मा थाना काकादेव कानपुर नगर
4. उ0नि0 श्री बृजेश भाटी सर्विलांस सेल कानपुर नगर
5. हे0का0 1476 जितेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल कानपुर नगर
6. हे0का0 1620 प्रदीप सर्विलांस सेल कानपुर नगर
7. हे0का0 2023 प्रकाश पाल सर्विलांस सेल कानपुर नगर
8. म0का0 897 पुष्पा सिंह सर्विलांस सेल कानपुर नगर

प्रभारी निरीक्षक